-:प्रेस नोट:-

दिनांक-07.02.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कमासिन मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम हुई 02 बच्चिंयों को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 07.02.2025 को थाना कमासिन मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम हुई 02 बच्चियों को सकुशल बरामद कर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 07.02.2025 को कस्बा कमासिन की रहने वाली ममता ने जमरेहीनाथ मेले में अपनी 05 वर्षीय भतीजी के गुम हो जाने की सूचना दी। तत्पश्चात जमरेहीनाथ मेले मे भ्रमण कर रही पुलिस को द्वारा तत्परता से आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए बच्ची को सकुशल बरामद कर बच्ची को उसकी बुआ ममता को सुपुर्द किया गया। इस क्रम में थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम अन्दौरा की रहने वाली रजनीशा ने थाना कमासिन पर अपनी 03 वर्षीय बच्ची के कस्बा कमासिन बाजार में गुम हो जाने की सूचना दी। सूचना पर तत्काल थाना पुलिस द्वारा मौके पर जाकर बाजार में आस पास खोजबीन कर बच्ची को सकुशल बरामद कर उसकी मां को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष कमासिन श्री अजीत प्रताप सिंह
2. हे0का0 रजनीश पाण्डेय
3. म0का0 दीप्ति चतुर्वेदी
4. म0का0 आराधना वर्मा
5. म0कां0 शालू